## खबर संक्षेप

### सौम्य ने किया जेईई परीक्षा में जिले में टॉप

**छिंदवाड़ा:** तहसील चांद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड न.1 निवासी ओमकार बंदेवार के नाती व विनीत



बंदेवार के सुपुत्र सौम्य बंदेवार ने जे.ई.ई. मिन्स की परीक्षा में छिंदवाड़ा जिले प्रथम अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सौम्य बंदेवार ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना व माता पिता परिवार ओर समाज का नाम रोशन किया है। बता दें कि सौम्य बंदेवार ने JEE_MAINS_JANUARY_2025_Attempt Somya bandewar ने 99.04% ile सबसे अधिक अंक ला कर पूरे ज़िले में नाम रोशन किया। Jee mains (january shift) के प्रथम प्रयास में 99.04% ile लाकर एनआईटी में सीट पक्की की और आईआईटी एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है।

### बीजेपानी में सांसद ने की लोगों से मुलाकात

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू गुरूवार को अपने ग्रामीण क्षेत्रों के प्रवास के दौरान लोगों के सुखःदुख और धार्मिक आयोजन में शामिल होकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने ग्राम गुरैया, अतरवाड़ा, पिंडरईकलां, सलैया, कुहिया एवं बीजेपानी में लोगों से चर्चा करते हुए उनकी समस्या सुनी और उसका निराकरण किया। इस दौरान वे ग्राम गुरैया में स्थित चांदनी चौक में आयोजित हरिनाम सप्ताह में शामिल हुए। सांसद श्री साहू ने ग्राम अतरवाड़ा में जगदीष चंद्रवंषी के निवास स्थान पर पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से मुलाकात करते हुए उनका हाल-चाल जाना और उनकी समस्या सुनते हुए उसका निराकरण किया। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू से जगह-जगह ग्रामीणजनों ने मुलाकात करते हुए उनका स्वागत किया और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिसपर सांसद श्री साहू ने कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया और कुछ समस्याओं को जल्द ही हल करने का आश्वासन भी दिया।

## चौरई थाना प्रभारी ने आरोपी के पास से 18 किलो 394 ग्राम अफीम किया जप्त

# पुलिस ने अफीम सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई पुलिस ने अफीम सहित आरोपी के पास से 18 किलो 394 ग्राम अफीम जप्त करने में सफलता हासिल की है।

चौरई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एएसपी ए. पी सिंह द्वारा जिले भर मे अवैध मादक पदार्थो पर कार्यवाही हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा था जिस आदेश के परिपालन एवं निर्देशों क्रो गंभीरता से लेते हुए चौरई पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री सौरव तिवारी के मार्गदर्शन मे चौरई थाना प्रभारी श्री गणपत उइके ने अपने अधीन बल की एक टीम गठित की जो टीम ने वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशों क्रो अभियान के रूप मे लेकर मुखबिर तंत्र विकसित किया।



थाना प्रभारी को अपने विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम चन्हिया खुर्द निवासी केवल वर्मा पिता नोंली वर्मा के खेत मे अफीम की खेती की जा रही है प्राप्त मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर एक टीम गठित कर ग्राम चन्हिया में केवल वर्मा के खेत पर रेड कार्रवाई की गई .जहाँ अवैधानिक रूप से अफीम की खेती करना पाया गया पुलिस ने ( लगभग 18 किलो 394 ग्राम ) अफीम अंदाजन कीमती 180000 मिला जिसे विधिवत जप्त कर आरोपी केवल वर्मा को थाना लाया गया। जहाँ आरोपी केवल पिता नौली वर्मा के विरुद्ध अ क्र. 178/25धारा 8,18 (c)25 NDPS एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। धरपकड़ हेतु गठित टीम मे थाना प्रभारी चौरई गणपत उइके, एस आई लता मेश्राम, एस आई सावित्री बघेल, ए एस आई हिरैशी नागेश्वर, शेख असगर असगर अली, सतीश दुवे, नारायण बघेल, पूनम सनौड़िया, प्र. आरक्षक गोपाल साहू, आरक्षक क्रमशः राजू भारती, राजकिशोर बघेल, सतीश बघेल, प्रकाश साहू, राजेश सनौड़िया, रोहित ठाकुर, योगेश मालवी, राजपाल बघेल, अभिषेक सनौड़िया, नीरज बघेल,की अहम भूमिका रही।

## सांसद भूराभगत से पैदल चढ़ाई कर चौरागढ़ पहुंचे

# सांसद बंटी साहू का तामिया में ढाबे पर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



सांसद विवेक बंटी साहू पचमढ़ी के चौरागढ़ महादेव में मनोकामना त्रिशूल चढ़ने के लिए चौरागढ़ की पहाड़ी पर जाने के लिए भोले के भक्तों के साथ सांगाखेड़ा से भूराभगत पैदल चढ़ाई कर चौरागढ़ महादेव पहुंचे। जहां पर उन्होंने भगवान भोले को चौरागढ़ पहाड़ी स्थित मंदिर में त्रिशूल अर्पित किया एवं पूजा पाठ की। तामिया भाजपा कार्यकर्ताओं नें तामिया पहुंचने पर उनका स्वागत किया। उनके तामिया पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश मिश्रा द्वारा साथ चल रहे। सभी भक्तों के लिए तामिया में स्वल्पाहार की व्यवस्था की जहां पर उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर प्रशांत ढाबा में स्वल्पाहार किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश मिश्रा के साथ जुन्नारदेव, छिदी ,तामिया , चावल पानी, मंडल अध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ जुन्नारदेव भाजपा नेता अखिलेश शुक्ला, तामिया जनपद अध्यक्ष तुलसा परतेती, दुर्गेश सलामे, रियाज खान, गोपाल साहू, विजय शिवहरे, रियाज खान, विनोद अग्रवाल आशीष साहू शाहित भाजपा कार्यकर्ता पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे इस तरह तामिया में सांसद के रुकने एवं सहजता से लोगों से मिलना उनकी सादगी की छाप छोड़ गया।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए एकदिवसीय व्याख्यान माला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में शुक्रवार 21 फरवरी को बाल विवाह रोकथाम पर एकदिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एक टांडेकर की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक 2 के परियोजना अधिकारी प्रिंस साहू एवं उनके सहयोगी राहुल विश्वकर्मा द्वारा बाल विभाग के दुष्प्रभाव बताए गए। श्री साहू द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया गया जिसमें बाल विवाह समाज में एक अभिशाप है सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षित होकर जागरूक होना और बाल विवाह की रोकथाम करना हमारा कर्तव्य है इन बातों से उन्होंने अपनी बात प्रारंभ किया। बाल विवाह अधिनियम 2006 के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। बालिका जिसका विवाह कम उम्र में हो जाता है उसे शारीरिक रूप से किन-किन बीमारियों से जूझना पड़ता है। कुपोषण, यौन समस्याएं, मानसिक रूप से अस्वस्थ आदि अनेक समस्याएं जन्म लेती है। गर्भावस्था कम उम्र होने के कारण बालिकाओं की मौत तक हो जाती है इसके भयानक रूप पर प्रकाश डाला गया।

### सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त जनसमस्या निवारण में निगम को फिर मिला A ग्रेड

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में नगर निगम छिंदवाड़ा को पुनः A ग्रेड प्राप्त हुआ है। प्रतिमाह भोपाल से जारी की जाने वाली रैंकिंग में लगातार सभी 16 नगर निगमों में छिंदवाड़ा नगर निगम को लगातार A ग्रेड प्राप्त हो रहा हैं।नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा माह जनवरी 2025 में 98.24% के साथ संतोषजनक निराकरण के कारण A ग्रेड प्राप्त हुआ है। नगर निगम छिंदवाड़ा को एक वर्ष से भी अधिक समय से सीएम हेल्पलाइन संबंधी शिकायतो के निराकरण में A ग्रेड प्राप्त हो रहा है जो प्रदेश स्तर पर भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि पर नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की।

### 40 हजार की मिली आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिंदवाड़ा जिले के निवासी एक गंभीर मरीज का अस्पताल में ईलाज हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांसद श्री साहू के निवेदन पर अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 40 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। उल्लेखनीय है कि मरीज और उनके परिजनों ने गत दिनों सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण ईलाज कराने में असमर्थता जाहिर करते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को आर्थिक सहायता दिए जाने का निवेदन किया था।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर हुए पांच भाषाओं में उद्बोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर सिंधी,हिंदी गुजराती, मराठी, बंगाली,अंग्रेजी भाषाओं के उद्बोधन विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए गए। कार्यक्रम में शासकीय गवर्नमेंट कॉलेज से सेवानिवृत हुए डॉ प्रकाश अजवानी ने सिंधी भाषा में अपने उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों के समक्ष परीक्षा की तैयारी किस तरह करना है इसको पहले सिंधी भाषा में बताया गया फिर उसी का हिंदी अनुवाद सम प्रेषित किया। इसी तरह सेवानिवृत शिक्षक रवि पुराणिक ने मराठी में एक कहानी बात कर परीक्षा के लक्ष्य साधने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बंगाली भाषा में अनंत बनर्जी, गुजराती भाषा में नवीन मरानी, उर्दू भाषा में मौलाना मोहम्मद, अंग्रेजी में सेवा निवृत्त शिक्षक जीएस खान ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम का मंच संचालन कौमी काउंसिल बराए फरोग़ ऐ उर्दू जुबान के अध्ययन केंद्र प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने करते हुए कहा कि अपनी मातृभाषा के हक में शहीद हुए छात्रों की याद में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने से बच्चों में जल्दी सीखने की समझ विकसित होती है।

### महापौर विक्रम अहके ने हितग्राहियों के लिए की 2.76 करोड़ रुपए की मांग

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके ने मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना अंतर्गत हितग्राहियों को दी जाने वाली राशि की मांग हेतु प्रमुख सचिव, म०प्र० असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल मंत्रालय बल्लभ भवन, भोपाल को पत्र लिखा। महापौर ने पत्र के माध्यम से प्रमुख सचिव को बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनातर्गत सितम्बर 2023 से 20/12/2024 तक 136 हितग्राहियों का वर्तमान तक अनुग्रह सहायता राशि प्रदान नहीं की गई है। पूर्व में जिन हितग्राहियों का शासन द्वारा आवंटन समय-समय पर व्यक्तिगत नाम से स्वीकृति प्रदान की गई थी उस आधार पर हितग्राहियों का भुगतान निगम द्वारा किया गया है। वर्तमान में उक्त अवधि के 136 हितग्राहियों का भुगतान लंबित है। अनुग्रह सहायता राशि आवंटन के अभाव में हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महापौर विक्रम अहके ने प्रमुख सचिव से सत्यापित 136 सामान्य एवं दुर्घटना मृत्यु के हितग्राहियों की राशि रूपये 2.76 (दो करोड़ छियत्तर लाख रुपये) हितग्राहियों के खाते में राशि भुगतान करने की मांग की है।

### सालीमेटा में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ट्रैकिंग कर प्रकृति का उठाया लुफ्त

**छिंदवाड़ा।** डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा दिनांक 21 फरवरी 2025 को शिव पर्वत सालीमेटा में एक दिवसीय सद्भावना ट्रैकिंग कैंप का आयोजन किया गया। ट्रैकिंग कैंप संस्था प्राचार्य श्रीमती स्मृति हाबिल के



मार्गदर्शन में एवं एन एस एस के जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े के नेतृत्व में एक दिवसीय ट्रैकिंग कैंप में भाग लेकर प्राकृतिक सौंदर्य का नजदीक से दर्शन कर स्वयंसेवकों द्वारा वन भोज का आनंद लिया । इसके पश्चात ट्रैकिंग दल में शामिल कु जेबा अंसारी, चंचेलेश वर्मा, अभिषेक प्रजापति, रूपेश झौड़े, रजनी परतेती, मोनिका सार्वे, राजा बनवारी, रोशनी इवंनाती, राधिका सार्वे,रवि बनवारी, मोनिका फरकारे, ने सहभागिता करते हुए लगभग 4 किलोमीटर की जंगलों में ट्रैकिंग कर सहासिकता का परिचय देते हुए आत्मविश्वास को जागृत करते हुए वन भ्रमण कर प्रकृति का लुफ्त उठाया। इसके पश्चात युवाओं द्वारा लिंगा स्थित श्री माताजी निर्मला देवी के आश्रम का भ्रमण किया जहां युवाओं को श्री अजीत सिंह गौतम, श्री शेखर कराडे, श्री मंगेश भाई द्वारा सहज योग की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित सभी युवाओं को ध्यान करा कर जीवन में स्वस्थ रहने के श्री माताजी निर्मला देवी के सहज योग के लिए प्रेरित करते हुए इसका महत्व बताया। ट्रैकिंग दल में सहभागी ट्रैक्टर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ट्रैकिंग दल की वरिष्ठ सदस्य कुमारी जेब अंसारी ने अपने अनुभव बताते हुए युवाओं के लिए इस प्रकार के साहसिक आयोजनों का स्वस्थ जीवन के लिए लाभ को बढ़ावा देने के लिए कहा जिससे युवा प्रकृति का आनंद लेने के साथ-साथ आध्यात्मिकता से जुड़े रहे और प्रकृति व ज्ञान के महत्व को समझ सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# निगम ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा वार्ड क्रमांक 1, शासकीय हाई स्कूल, परतला में विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान नगर निगम के महापौर विक्रम अहके एवं निगमायुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा चार प्रकार के कचरे (गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक एवं इलेक्ट्रॉनिक) की जानकारी दी गई। स्वच्छता ऐप के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई, जिससे विद्यार्थी तकनीक का उपयोग कर स्वच्छता में योगदान दे सकें। विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई ताकि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। नगर निगम छिंदवाड़ा मातृभाषा में सीखें, स्वच्छता को अपनाएं। के संदेश के साथ शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छ छिंदवाड़ा, नगर निगम नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# सड़क मरम्मत के लिए वेकोलि ने दिए सवा करोड़

## ठेकेदार कर रहा लीपा पोती, कंपनी को सहना पड़ रहा आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड ( वेकोलि ) पेंच एरिया को चूना लगाने में कोई भी कसर नहीं कर रहा है । फिर चाहे वे प्रबंधन के लोग हो या बाहर के । जिसे मौका मिलता है , वह अपना कमाल दिखाने में लग जाता है । नतीजतन कंपनी को आर्थिक नुकसान सहना पड़ता है । इसी से सबंधित एक मामला देखने को मिल रहा है । पेंच प्रबंधन के द्वारा लगभग सवा करोड़ रुपये की लागत से सड़क मरम्मत का ठेका दिया गया है ।

इस काम को करने में ठेकेदार जो लीपा पोती कर रहा है , वह देखते ही बनती है । ये वेकोलि अधिकारियों को भी दिख रहा है , लेकिन जब मामला सांठ - गांठ का हो तब सब जायज होता है ।गौरतलब है कि , पेंच कोयला क्षेत्र में परासिया से शिवपुरी तक सड़क के हाल किसी से छुपे नहीं है । इस मार्ग से आवागमन करने वाले वेकोलि कामगारों एवं अन्य लोगों को राहत देने के लिए प्रबंधन के द्वारा सड़क मरम्मत कराने का मन बनाया गया और फिर सबसे सलाह - मशविरा कर ठेका निकाला गया , जिसे हासिल करने में उस ठेकेदार को सफलता मिला जिसके द्वारा ग्राम पंचायत दीघावानी में 11 - 12 से वेकोलि डिस्पेंसरी तक सड़क बनाई गई । यह सड़क बनाने के दौरान ही स्थानीय लोगों द्वारा निर्माण की गुणवत्ता को लेकर जमकर विरोध किया गया था।

इसी ठेकेदार ने परासिया नगर पालिका में भी सड़क डामरीकरण का काम किया था , तब भी निर्माण की गुणवत्ता पर लोगों ने सवाल खड़े किए थे । अब यही ठेकेदार ढाला तिराहा से शिवपुरी तक सड़क मरम्मत का कार्य कर रहा है । जिसके तहत सड़क पर आवश्यकता के अनुसार गिट्टी और डामर बिछाया जा रहा है । अब भी निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं ।

सड़क की रंगत देखकर लग रहा है कि मरम्मत के कुछ समय बाद ही फिर मरम्मत की जरूरत पड़ेगी । इस संबंध में अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है । काम में जो लीपा पोती हो रही है उसे समय रहते नहीं रोका गया तो जल्द ही प्रबंधन को दुबारा यह कम कराना होगा ।

# आत्मा का स्वर है मातृभाषा: प्राचार्य श्री धारकर

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया । जिसके अंतर्गत प्राथमिक विभाग के छात्र एवम छात्राओं के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के बारे में बताया गया एवम सांस्कृतिक विविधता एवं एकरूपता के परिदृश्य को समझाया गया ।दिव्यता सिंह पटेल और शिवम अवस्थी (कक्षा-9) दोनों छात्र-छात्राओं ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा के ऊपर अपने विचार व्यक्त किए एवं अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्राथमिक शिक्षिका नेहा पटवा द्वारा मलयालम भाषा में मधुर गीत प्रस्तुत किया, जिसमें अनेकता में एकता की विशेषता के संदेश को छात्र-छात्राओं के बीच में गायन के माध्यम से प्रेषित किया। प्रार्थना सभा मे मातृभाषा के महत्व को प्रतिपादित करती हुई कलाकृति एवम चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न भाषाओं की पुस्तकें की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर ने कहा कि यदि हम मातृभाषा में पारंगत हो जाते हैं तो विश्व को कोई भी अन्य भाषा आसानी से सीख सकते हैं । उन्होंने कहा की मातृभाषा आत्मा का स्वर है, अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ माध्यम मातृभाषा है। अन्य भाषा में अभिव्यक्ति कहीं न कहीं कृत्रिम लगती है। हम अपनी मातृभाषा मे अत्यंत कम श्रम में अधिकतम सीखते हैं।

अधिकांश विकसित देश में अध्ययन का माध्यम मातृभाषा ही है, इसके कारण ही व्यक्ति में मौलिक सोच विकसित होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री बी के झा, श्री नीलेश अग्रवाल, रामकृपाल जंघेला, योगिता डबास, श्रीमती निशा यादव, श्रीमती अनुराधा तिवारी, सुश्री अंकिता निर्मल, श्री रामपाल विश्वकर्मा, प्रधान पाठक श्री एस के साहू, श्रीमती यशोदा रानी , धनराज खरपुसे , रामकिशोर मीना , मोहित कुमार मेहरा ने उल्लेखनीय योगदान दिया ।

## सांसद ने पिंडरईकलां और बीजेपानी में दी 1 करोड़ 73 लाख की सौगात

# अब मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेंगे ग्रामीण : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू ने गुरुवार को पिंडरईकलां और बीजेपानी में एक करोड़ 73 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों की सौगात देते हुए पिंडरईकलां में अस्पताल भवन लैब का भूमिपूजन व पंचायत भवन का लोकार्पण एवं बीजेपानी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप अब ग्रामीण क्षेत्रों में हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब कोई भी ग्रामीणजन मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। पिंडरईकलां के स्वास्थ्य केन्द्र में लैब के निर्माण के लिए आज भूमिपूजन किया गया है जो जल्द ही बनके तैयारी हो जायेगी, इसके बाद यहां के ग्रामीणों को अपनी जांच कराने के लिए जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अब ग्रामीणों का सभी टेस्ट यही पर होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आयुष्मान योजना लागू की है जिसमें करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। साथ ही लोगों के कच्चे मकान पक्के मकानों में तब्दील होने से अब गांव भी शहर की तरह दिखाई दे रहे है। यह सब संभव हो सका है भाजपा सरकार आने के बाद।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों पर अधिक है। अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी और बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने ग्राम पिंडरईकलां में एक करोड़ 50 लाख की लागत से अस्पताल भवन में बनने वाली लैब के लिए भुमिपूजन किया।

वहीं ग्राम सुसरई में 20 लाख की लागत से बने ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण भी किया। इसी के साथ उन्होंने ग्राम बीजेपानी में 3 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भुमिपूजन भी किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद श्री साहू का गांव में आगमन होने पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, टीकाराम चंद्रवंशी, राजू नरोटे, श्रीमति गरिमा दामोदर, युवा नेता अजय सक्सेना, बंटी पटेल, जनपद सदस्य साक्षी सुशील चौधरी, दिनेशकांत मालवी, धर्मेन्द्र चौधरी, गोलू पटेल, बलमान चौरिया, राजेश रघुवंशी, गोपाल पटेल, मनोहर शिवहरे सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गामीणजन उपस्थित थे।

### शहर की दुकानों में खुलेआम अवैध पन्नियां एवं प्लास्टिक के डिस्पोजल बिक्री किए जाने का उठाया मुद्दा

# कलेक्टर ने ली स्वच्छता को लेकर विशेष बैठक, साधन संपन्न लोगों पर की जाए कड़ाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शुक्रवार को दोपहर में कलेक्टर अजय देव शर्मा ने पांढुर्ना के बुध्दिजीवी वर्ग और जनप्रतिनिधियों के साथ शहर को सुंदर एवं स्वच्छ कैसे बनाया जाए इस पर सुझाव लेने के उपरांत एसडीएम, तहसीलदार एवं सीएमओ की संयुक्त टीम का गठन कर निर्देशित किया। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने निर्देश दिए कि साधन संपन्न लोग कचरा फैलाने में दोषी पाए जाए तो उनपर अधिक कडाई से जुर्माना लगाया जाए।

बैठक में उपस्थित अधिकांश नागरिकों ने शहर की दुकानों में खुलेआम अवैध पन्नियां एवं प्लास्टिक के डिस्पोजल बिक्री किए जाने का मुद्दा उठाया। गुरुनानक वार्ड के कुछ हिस्सों में संपन्न एवं शिक्षित लोगों की रिहायश के बावजूद घरों के सामने गंदगी एवं ढर की जूठन फेंकने का मुद्दा चर्चा में रहा। संत रविदास एवं आस पास के वार्डों में लोग कचरा पेटियों के बाजू में कचरा डालते है इस समस्या के निराकरण पर कलेक्टर महोदय ने जोर दिया। राजीव गांधी मार्केट के अलावा अनेक स्थानों व्यस्ततम क्षेत्रों में बीचोबीच डस्टबिन लगाने पर कुछ नागरिकों ने आपत्ति उठाई।

महावीर वार्ड में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल के सामने लोग रोजाना सडक के किनारे एक स्थान पर कचरा डालते है। इस मामले में नगरपालिका की ओर से कल से विशेष ध्यान दिए जाने का आश्वासन दिया। बैठक में कचरा वाहन के वार्ड में आगमन एवं जलापूर्ति का समय अलग अलग रखने की बात भी उठी।

## पाठई में किसान ने की आत्महत्या

**पांढुर्ना।** विकासखंड के ग्राम पाठई में किसान सीताराम उईके आयु 52 ने खेत के कोठे में फांसी लगाकर जान दे दी। यह वारदात आज शुक्रवार दोपहर में हुई। घटना की सूचना पर नांदनवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी आशीष भीमटे के अनुसार किसान कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। किसान के शराब पीने के आदि होने की बात सामने आई है। आज शाम पोस्टमार्टम के बाद किसान का शव शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## व्याख्यान कार्यक्रम में बच्चों को दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय सौसर में रसायन शास्त्र विभाग में विषय विशेषज्ञों का व्याख्यान कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ डी.के इंदौरकर के प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ.उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ द्वारा रसायन शास्त्र विभाग में शासकीय महाविद्यालय सौसर मैं हुए कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा रसायन शास्त्र विषय पर मार्गदर्शन दिया.इस दौरान विषम चक्रीय योगीको काअध्ययन एवं नेचुरल प्रोडक्ट के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान का आयोजन रखा गया। जिसमें विषम चक्रीय योगी को के अध्ययन के विषय पर डॉ अनिल अहिरवार प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय बिछुआ द्वारा विषम चक्रीय में होने वाली रासायनिक क्रियाओं एवं अभिक्रियाओं के ऊपर अपना व्याख्यान रखा एवं छात्र-छात्राओं को रासायनिक अभिक्रियाओं की ट्रिक के माध्यम से विस्तृत अध्ययन कराया गया। डॉ गौतम पाटिल द्वारा विभिन्न प्रकार की अभिक्रियाओं को शारीरिक-मानसिक कारणों एवं उनकी उपयोगिताओं के ऊपर विशेष व्याख्यान दिया।

# शिवराय संगठन ने किए तीन दिनों तक शिवाजी जयंती पर कार्यक्रम

### प्रवचनकार सोपान ने युवाओं को दिलाया नशा मुक्ति का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

इस देश में छत्रपति शिवाजी महाराज एक ऐसे व्यक्तित्व हुए है जिन्होंने स्वयं और अपने परिवार को महत्त्व न देकर राष्ट्र को सर्वप्रथम रखा,छत्रपति महाराज ने माँ जिजाऊ के मार्गदर्शन में 350 अधिक किलों पर विजयश्री प्राप्त कर भगवा ध्वज लहराया है। उपरोक्त उदद्गार नगर के श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक में आयोजितशिव चरित्र व्याख्यान कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य के प्रसिद्द युवा कीर्तनकार सोपानदादा कनेरकर ने व्यक्त किये। श्री कनेरकर के द्वारा श्री छत्रपति शिवाजी महाराज से जीवन से संबंधित कई प्रसंगों को सुनाया।

इस दौरान अफजल खान वध का वर्णन किया जिसे सुनकर युवाओ में जोश आया तो वहीं छत्रपति शंभुराजे की बलिदान की शौर्य गाथा को सुनाया। छत्रपति शिवाजी महाराज विश्व के प्रत्येक जन के आदर्श है, जिनसे रणनीति, राजनीती, कार्य कुशलता, बुद्धिमता और भी बहुत कुछ सिखने और और देश के युवाओं को प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण चाके, संजय राठी, के द्वारा श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा पूजन अभिवादन माल्यार्पण के साथ किया।

श्री शिवराय संगठन की ओर छत्रपति शिवाजी महाराज का तीन दिवसीय शिवजन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तीनों दिनों तक विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। तीन दिनों तक संपन्न हुए कार्यक्रम में सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड,जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा,मोहगाव नप अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, राहुल मोहड़,, नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, संगठन अध्यक्ष प्रदीप बिघाने,आदि थे।संगठन आदित्य दवंडे ने इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने और सफल बनाने के लिए समस्त हिन्दू समाज सहित सौसरवासियो का सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## लोणारे कुनबी समाज मनाई श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**सौंसर।** अखिल भारतिय छत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन जिला पांढुर्णा के तत्वाधान में हिंदवी स्वराज के संस्थापक श्री छत्रपति शिवाजी महाराज जी की 395 वी जयंती बड़े उत्साह से पांढुर्णा सौसर बोरगांव मोहगांव आदि जगह मानाई गई। क्षत्रिय नारे कुनबी समाज संगठन के पदाधिकारी के द्वारा सौसर के श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया।संगठन के परसराम राने ने बताया कि संपूर्ण जिलेअखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारे कुनबी समाज संगठन की ओर से श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए जयंती मनाई गई है।

# अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

### अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवी चित्रलेखा का होगा प्रवचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज शनिवार से अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवी चित्रलेखा इनके मुखारविंद से दोपहर 1 से 5 बजे तक हिन्दी भाषा में श्रीमद् भागवत कथा तथा रात्री 8 बजे से महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध किर्तनकारों के श्रीमुख से मराठी भाषा में हरिकिर्तन होगा।

मिली जानकारी के अनुसार भगवान शिव की नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में प्रतिवर्षानुसार लघुरुद्राभिषेक के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव का श्रीगणेश हुआ। इस वर्ष भी वंजारी परिवार ने सपरिवार उपस्थित रहकर रुद्राभिषेक किया। रुद्राभिषेक प्रतिदिन चार पालियों में मंगलवार 25 फरवरी तक चलेगा। उसीप्रकार प्रतिवर्षानुसार शनिवार को रामदास नवमी को घट स्थापना, दीप प्रज्वलन, घंटानाद के साथ प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी चित्रलेखा इनके मुखारविंद से हिन्दी भाषा में श्रीमद् भागवत कथा तथा रात्री 8 बजे से महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध किर्तनकारों श्रीमुख से मराठी भाषा में हरिकिर्तन होगा। हरिकिर्तन की श्रृंखला में शनिवार 22 फरवरी को हभप ज्ञानेश्वर महाराज भुतेकर (आळंदी), रविवार को हभप संजय महाराज (पुणे), सोमवार को हभप माऊली महाराज, मंगलवार को हभप दिपालीताई खिळे, बुधवार को हभप सोपान दादा कनेकर, गुरुवार को हभप सुनिताताई आंधळे, शुक्रवार को हभप समाधान महाराज भोजेकर तथा शनिवार 1 मार्च को रात्रि में हभप पुरुषोत्तम महाराज पाटील इनके श्रीमुख से हरिकिर्तन होगा। महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन रविवार 2 मार्च को सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय किर्तनकार, आवाज के जादूगर, हभप पुरुषोत्तम महाराज पाटील इनके मुखारविंद से गोपाल काला किर्तन, दही हांडी कार्यक्रम के साथ होगा।

### ग्राम में चल रही धांधलियों को उजागर करना महिला उपसरपंच को पड़ा महंगा

# राजनीतिक मंच में जनपद उपाध्यक्ष ने महिला उपसरपंच पर कसा तंज



हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहझरी में इन दिनों चल रहे ग्राम पंचायत के अंतर्गत कार्यों में सरपंच सचिव द्वारा की जा रही धांधली को उजागर करते हुए जांच के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपना ग्राम मोहझरी की महिला उपसरपंच के लिए परेशानी का सबब बन गया है। जिसके लिए उन्हें जनपद उपाध्यक्ष की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। इतना ही नहीं जनपद उपाध्यक्ष ने राजनीतिक मंच से महिला उपसरपंच पर तंज कसते हुए बयानबाजी और पेपर बाजी ना करने के लिए चेतावनी भी दे डाली। जिससे महिला उपसरपंच श्रीमती रीता रावते अपने आप को बहुत ज्यादा अपमानित महसूस कर रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप सरपंच श्रीमती रावते ने बताया कि बीते दिनों हमारे ग्राम में क्षत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे भी उपस्थित हुए थे। इस दौरान अपने मंचीय भाषण के दौरान जनपद उपाध्यक्ष द्वारा मुझ पर तंज कसते हुए कहा गया कि गांव की बातें गांव में ही रहना चाहिए, इस तरह की बयानबाजी और पेपर बाजी से उन्हें बाहर नहीं लाना चाहिये। जिस पर श्रीमती रीता रावते का कहना है कि मेरे द्वारा ग्राम में चल रहै विकास कार्यों में सरपंच सचिव द्वारा की जा रही धांधली और जानकारी न दिए जाने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सोपा गया है। वहीं ग्राम में चल रहे कार्यों की विभागीय जांच की जानी चाहिए जिससे मेरी शिकायत की सत्यता सामने आ सके। वही इस पर मेरा साथ ना देते हुए जनपद उपाध्यक्ष द्वारा मुझे ही झुकाने का प्रयास किया जा रहा है जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि वह भी कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ता है और बीते कई वर्षों से पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कांग्रेस के लिए कार्य करती आ रही है। परंतु जनपद उपाध्यक्ष स्वयं कांग्रेसी होने के बावजूद आज तक कभी मुझे सहयोग नहीं किया। श्रीमती रावते का कहना था कि आज हमारे देश में महिलाएं अनेको बुलंदियों को छू रही है। जिन्हें सरकार द्वारा प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। परंतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा महिला जनप्रतिधियों का हमेशा ही अपमान किया जाता है उन्हें मंच पर ज्यादा बोलने नहीं दिया जाता, जिसके कारण क्षेत्र की महिला जनप्रतिनिधि हमेशा ही ऐसे राजनीतिक मंचों एवं कार्यक्रमों में अपने आप को असहज महसूस करती हैं। श्रीमती रावते का कहना था कि उनके द्वारा जो भी शिकायत और जांच के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत में दिया गया है वह ग्राम के हित में है ना कि स्वयं के हित में।

### 626 जोड़ो के दाम्पत्य जीवन की हुई शुरूआत

# कटंगी के ग्राम खजरी में हुआ सामूहिक विवाह समारोह

*21 जनपद सदस्यों ने सामूहिक विवाह का किया बहिष्कार नहीं हुए शामिल*



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** करीब 5 वर्षों बाद जनपद पंचायत कटंगी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत खजरी चिकमारा मार्ग पर स्थित मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का ऐतिहासिक आयोजन किया गया. इस समारोह में 626 जोड़ों ने अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की. करीब 15000 लोग इस विवाह समारोह में वर-वधू के विवाह के साक्षी बने. समारोह में बालाघाट-सिवनी जिले की सांसद भारती पारधी प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल हुई. विधायक गौरव सिंह पारधी ने सामूहिक विवाह समारोह की अध्यक्षता की. जनपद अध्यक्ष कविता देशमुख, जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन, रविकांता बोरकर, प्रियंका परते विशेष अतिथि रहे. सामूहिक विवाह समारोह का जनपद पंचायत कटंगी के 21 जनपद सदस्यों ने एक साथ बहिष्कार किया और वह समारोह में शामिल नहीं हुए. 21 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे ग्राम पंचायत भवन खजरी से एक साथ 626 दूल्हों की बैंड-बाजे और डीजे के साथ बारात निकाली गई. दोपहर 3 विवाह संपन्न कराने की प्रक्रिया शुरू हुई. सामूहिक विवाह समारोह में सबसे पहले बौद्ध धर्म को मानने वाले वर-वधू का विवाह बौद्ध रीति रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया. तथागत गौतम बुद्ध और संविधान शिल्पकार डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष भंते ने त्रिशरण पंचशील का पाठ कर विवाह संपन्न करवाया. इसके बाद आदिवासी परंपरा के अनुसार भूमका ने आदिवासी समुदाय के वर-वधू का विवाह संपन्न करवाया. अंतिम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित के द्वारा हिंदू वर-वधू का विवाह संपन्न करवाया गया।

गौरतलब हो कि जनपद पंचायत कटंगी के तमाम जनपद सदस्यों ने सामूहिक विवाह समारोह का बहिष्कार किया. वह सामूहिक विवाह समारोह की तिथि में संशोधन होने से बहुत नाराज हो गए. नाराज जनपद सदस्यों का कहना है कि जनपद में बैठक के दौरान सामूहिक विवाह की तिथि 23 फरवरी तय की गई थी लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने अचानक से तिथि में फेरबदल कर 21 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह संपन्न करवाया. यह जनपद पंचायत के सभी निर्वाचित जनपद सदस्यों का अपमान है. इसी वजह से आज जनपद उपाध्यक्ष भानु सिंह पटले, जनपद सदस्य पूरन लाल चौधरी, चमन डोंगरवार, ज्योति सूर्यवंशी, ओम सिंह परते, इंद्रकला ठाकरे, राजेश्वरी डहरवाल, छबीलता उइके, कांता नेवारे, रेखा परिहार, कांता परिहार, नेकेंद्र चौहान, सरमन राउत, राम प्रसाद भलावी, दुर्गाबाई गौतम, प्रमिला परिहार, राजकुमारी राउत, सुखचंद पटले, बबीता वरकडे, छबिलता वाहने, अजीत बिसेन सामूहिक विवाह समारोह में शामिल नहीं हुए. वहीं जनपद के 20 सदस्यों ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की अनुशंसा करने का आवेदन किया है।

# रूपझर में सीआरपीएफ 123 ने लगाया कैंप

### सैकड़ों मरीजों का हुआ निशुल्क उपचार



हरिभूमि न्यूज उकवा।

जिले में पदस्थ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नित्य अनेक प्रकार से लोगों तक लाभ पहुंचने का कार्य करती है, जो समय समय पर लोगों को अनेक प्रकार से सहायता एवं जरूरत की चीजें प्रदान करती है,इसी कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस की कमांडेंट तेजिंदर कौर के सफल निर्देशन में रूपझर थाना स्थिति कैम्प परिसर में विशाल निःशुल्क उपचार एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कमांडेंट तेजिंदर कौर के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार,निरीक्षक जगदीश ,थाना प्रभारी रूपझर संजय इक्का,सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्वधर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक्ष जेम्स बारीक आदि अधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति में किया गया ,जिसमें डॉक्टर संतोष कुमार द्वारा आस पास ग्रामों से आए लगभग दो सैकड़ा से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार कर,उनके रक्त ,बीपी ,शुगर आदि की जांच कर महंगी दवाइयों का वितरण किया।

इस अवसर पर उपस्थित कमांडेंट तेजिंदर कौर ने कहा कि समय समय उच्च अधिकारियों से जो निर्देश प्राप्त होते है,उसके आधार पर हमारे द्वारा सुदूर वन ग्रामों में पहुंच कर निर्धन अथवा जरूरतमंद लोगों को को यथा संभव सेवा प्रदान करते है,साथ ही लोगो को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित कर ग्राम को स्वस्थ और सुखद बनाने हेतु पहल करते है,चुकी ग्रामीण अंचल में आज भी उचित स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध नहीं होती ,इसलिए हमारा प्रयास रहता है,कि समय समय पर ऐसे कैंप आयोजित कर लोगों को अच्छा स्वास्थ लाभ प्रदान कर सके,ताकि वो लोग भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ कर, एक अच्छा जीवन जी सके,इसी कड़ी में ग्रामीण इलाकों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के मकसद से स्कूली बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा, कौशल उन्नयन, शिलाई बुनाई, स्कूल कीट,घरेलू समान, आदि अनेक सामग्रियों का वितरण भी बटालियन द्वारा किया जाता है,ताकि फोर्स और जनता के मध्य दूरियां कम हो, और जनता का विश्वास बना रहे।

### महाशिवरात्रि से आठ दिनों तक मनाया जाएगा कोटेश्वर महोत्सव

## कोटेश्वर महोत्सव को लेकर विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने देखी व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज लांजी।

धर्म नगरी लांजी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व पर व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विगत दिनों शांति समिति की बैठक में कोटेश्वर महोत्सव मानने को लेकर जानकारी दी गई थी। इसी के तहत आज 21 फरवरी को क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने स्थानिय कोटेश्वर धाम एवं रानी अवंतीबाई स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक श्री कर्राहे ने प्रशासनिक अधिकारियों से कोटेश्वर महोत्सव को लेकर चर्चा करते हुए व्यवस्था बनाएं जाने की बात कही। साथ ही जिला मुख्यालय सहित अन्य राज्यों से पहुंचने वाले दर्शनार्थियों को महोत्सव के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसका भी ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे, एसडीएम कमलचंद सिंहसार, एस, डी,ओ पी अंजुल अयंक मिश्रा,नायब तहसीलदार संजय बारस्कर, राकेश अड़कने एसडीओ वनविभाग लांजी, श्रीमती नेहा घोड़ेश्वर वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, आलोक चौरसिया, गौरव बैश , सचिन अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

# विकलांग पेंशन धारियों के रेल्वे व बस पास बनेंगे

### पंचायत के 64 हितग्राहियों से माँगे गए दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

तहसील मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा अंतर्गत शासन से दिव्यांग, विकलांग पेंशन प्रतिमाह प्राप्त कर रहे 64 विकलांग पेंशनधारियों से ग्राम पंचायत द्वारा रेल्वे पास, बस पास इत्यादि शासन की योजना का लाभ उठाने के लिए विभिन्न दस्तावेज मांगे जा रहे हैं उक्ताशय की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा के युवा सरपंच अनीस खान ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश के दिव्यांगों के लिए शासन की विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है गत दिवस जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार तथा जनपद पंचायत लालबर्रा से प्राप्त 64 विकलांग हितग्राहियों की सूची प्राप्त हुई जिनकी यात्रा हेतु रेल्वे पास ,बस पास इत्यादि ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में बनाये जा रहे हैं। तथा आगामी दिनों में बालाघाट में जिला प्रशासन द्वारा होने वाले भव्य दिव्यांग शिविर मेला में लाभ दिया जाएगा के निर्देश प्राप्त हुए हैं इस हेतु गत दिवस ग्राम पंचायत की बैठक में सभी वार्ड पंचों को विकलांगों की सूची प्रदान की गई जिससे कि वे अपने वार्डो के पेंशन प्राप्त कर रहे दिव्यांगों को सूचित कर योजना का लाभ दिला सकेंगे।ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा अंतर्गत दिव्यांग जो विकलांग पेंशन प्राप्त कर रहे हैं उनके लालबर्रा से मनीष कुशवाह , आँचल मेश्राम, आलिया रंगरेज, अनिल देधमुख, बकरु, देवराम, अनिरुद्ध पंचेश्वर, भागचंद कावरे, चैतलाल बिसेन, भगवती पंचेश्वर, धर्मेंद्र डहरवाल, दिनेश नागेश्वर, दिसन्त पटले, गीता मरठे, फूलचंद पंचेश्वर, झमसिंह ख़रिसागर, घासीराम कावरे, गौरव सोनेकर, हीरा देवसरे, हिरमोती, इक़रा अंजुम, होलु सोनी, इमरान खान, जुनैद कुरेशी, इसराइल खान, ज्योति उइके, कैलाश तुमन्ने, काजल जेवरानी, लिटेस रँगारे, केवल चावले, मनीराम पंचेश्वर, मन्नू बरले, मयंक दुबे, मेहरुन्निसा, दानिश कुरैशी, सादिक खान, नवीन कुमरे, निहारिका कुमरे, ओमकार बिसेन, राहुल, राजू पंचेश्वर, रमेश तुमन्ने, राकेश, रीना यादव, साकची रंगारे, सहजादी खान, संतोष मात्रे, यामिनी पंचेश्वर, विवेक ब्रम्हे, उमर शेख, ऊदल रंगारे, सरिता देशमुख, सायमा बेगम, सबा अंजुम. शहजादी अंसारी, शारदा मात्रे शबनम, अतीक शेख, शिखा प्रसाद, शिला रंगारे. शिखा खोबरागड़े, सिद्दीक खान. सुरेंद्र अवधिया, शोभा जेवरानी, सिद्दिक खान, सुजल कामडे, सुरभि गुप्ताशामिल है जिन्हें शासन की योजना अनुसार प्रतिमाह विकलांग पेंशन राशि प्राप्त हो रही है। सरपंच अनीस खान ने बैठक में सभी सदस्यों को बताया की जो पात्र हितग्राही इस सूची में नही है।

**खबर संक्षेप**

### भूमिपूजन में हुये सम्मिलित केवलारी विधायक रजनीश सिंह

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम व ग्राम पंचायत बगलई (पलारी) पानी टंकी के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सिवनी विकासखंड के ग्राम बगलई में एकल नलजल योजना अन्तर्गत 56.35 लाख रुपए की लागत राशि से स्वीकृत उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के आयोजन में सर्वप्रथम बगलई सरपंच श्रीमती समा परवीन जी एवं पदाधिकारियों के द्वारा साल श्रीफल पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। तत्पश्चात विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन में उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित किया।

# जिले का हाल बेहाल, किसान हो रहे परेशान, भुगतान के लिए लगा रहे चक्कर

**सिवनी. शासन एक तरफ किसानों को हित की बात करती है, उनके लिए बेहतर योजनाएं और बेहतर सुविधाओं की बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है। जिले का किसान कभी पानी के लिए तो कभी अपनी उपज का दाम पाने के लिए चक्कर लगा रहा है। दो माह पूर्व किसानों ने कृषि उपज मंडी में अपनी मक्का की उपज बेची।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** व्यापारी ने बोली लगाकर खरीदी और फिर बिना भुगतान किए रफू चक्कर हो गया। अब किसान भुगतान के लिए कभी व्यापारी के यहां तो सभी मंडी सचिव के यहां चक्कर लगा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि हर बार मंडी सचिव प्रकाश मार्को किसानों से भुगतान के लिए दो-दो दिन का समय मांग रहे हैं।
किसानों ने बताया कि अब सचिव ने फोन भी उठाना बंद कर दिया है। अगर भूल से उठा भी लिया तो यही कहते हैं कि तुम लोग किसी भी समय फोन कर दे देते हो। दो दिन में भुगतना हो जाएगा।

### यह है नियम

मंडी अधिनियम के प्रावधान के अनुसार कृषि उपज मंडी में किसान से अनाज खरीदने के बाद व्यापारी को भुगतान करना होता है। जब तक किसान का भुगतान नहीं हो जाता तब तक व्यापारी मंडी से अनाज बाहर नहीं ले जा सकता है। किसानों को भुगतान तुरंत या फिर समय-सीमा में करना होता है। नियम के अनुसार अगर व्यापारी ने भुगतान में देरी की तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। मंडी समिति का यह दायित्व है कि वह किसानों के हितों की रक्षा करे और भुगतान संबंधी विवादों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करे।
सवाल यह भी है कि बिना भुगतान के मंडी समिति ने व्यापारी को खरीदा हुआ अनाज कैसे बाहर ले जाने दिया।
गोपालगंज निवासी किसान संजय कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि दो माह पूर्व मंडी में लगभग 59 कुंतल मक्का बेची थी। जिसका एक लाख 33 हजार रुपए भुगतान होना है। उनके साथ ही आमगांव, कटंगी, बलारपुर सहित अन्य गांव के कई किसान हैं जिनका फसल का बकाया है। व्यापारी ने आज तक भुगतान



नहीं किया। उसके संस्था पर जाओ तो ताला लगा रहता है। मंडी सचिव से बात करने पर वह हमेशा दो दिन में भुगतान होने का आश्वासन देते हैं। किसानों ने बताया कि एसडीएम से भी भुगतान न होने की शिकायत की गई थी। उन्होंने मंडी सचिव को फटकार भी लगाई थी। उस समय भी सचिव ने दो दिन में भुगतान होने की बात कही थी, लेकिन अब तक पैसे नहीं मिले।
किसानों का कहना है कि उन्होंने फसल उगाने के लिए काफी मेहनत की है। बीज दुकान से उधार लिया है। लोन पर ट्रैक्टर ले रखा है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड से दो लाख रुपए का लोन लिया हुआ है। फसल का भुगतान हो जाता तो इन सबसे राहत मिलती। इसके अलावा अगली फसल के लिए भी सोचते। परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

# इधर, जंगली सुअरों ने किसान की फसल किया चौपट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इन दिनों खेतों में लगी फसल को जंगली शूकरो द्वारा बर्बाद किए जाने से किसान खासे परेशान है। जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत ग्राम मुंगवानी कला, मुंगवानी, बांधी सहित आसपास के अन्य गांव में लगी मक्के की फसल में जंगली सुअरों का झुंड घुस रहा है। मक्के की फसल में भुट्टा (मक्का) के दाने भी आ गए हैं। ऐसे समय में जंगली सुअरों द्वारा खेतों में लगी फसलों में नुकसान पहुंचाये जाने से मुंगवानी कला के किसान दिनेश ठाकुर ने बताया कि हिंसक रूप से जंगली जानवर के झुंड के रूप में आने से किसान में किसानों में दहशत भी बनी रहती है। जंगली सूअर इंसानों के ऊपर हमला कर देते हैं वही झुंड के रूप में खेतों में प्रवेश करने से खेतों में लगी फसल भी बर्बाद हो रही है। किसान दिनेश ठाकुर ने बताया कि उनके खेत में लगी लगभग 4 से 5 एकड़ खेत में लगी मक्का की फसल को जंगली सूअर ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है, वहीं उन्होंने बताया कि इस मामले में वन अधिकारी को सूचना देने के बाद वह भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। पटवारी से संपर्क करने की सलाह देकर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर रहे हैं। वहीं किसानों ने बताया कि जब पटवारी को समस्या से अवगत कराया जा रहा है तो वह भी इस मामले में गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं। पीड़ित किसानों ने क्षतिग्रस्त हुई फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।



# नहरों में पानी को लेकर फिर किसानो ने किया चकाजाम



**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** विगत कई वर्षो से क्षेत्र के किसान समय पर पानी को लेकर ज्ञापन हडताल - भूक हडताल करते आ रहे है लेकिन इसके बाद भी सिचाई विभाग अपनी सक्रियता मे नाकाम रहा है समय समय मे अश्वासन देकर मुक्त हो रहा है। यदि विभाग द्वारा किसानो की समस्याओ के निराकरण पर पहल कर्ता न ही चका जाम होता और न ही ज्ञापन देने की नौबत आती 21 फरवरी को किसानो द्वारा सिवनी मंडला फारेस्ट नाका चौराहा पर किसानो ने अपने ट्रेक्टर को मेन रोड पर लगाकर जाम किया जिसमे भारी संख्या मे किसान अपनी मांगो को लेकर संबोधित करते रहे, सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री विनोद उइके अनुविभागीय अधिकारी महेश अग्रवाल ने किसानो से वार्ता कर लिखित अस्वासन दिया गया है कि किसानो के खेतो पर शीघ्र पानी पहुंचेगा तब जाकर किसानो ने अपनी हडताल समाप्त की लेकिन बाजार के दिन होने के कारण लोगो को काफी तकलीफ का सामना करना पडा वही अपने वाहनो को लेकर छोटी छोटी गलियो से गुजरते नजर आये।

# 23 को होगा निशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कान्हीवाड़ा-** सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा में इमदाद हेल्पिंग हैंड के युवाओं द्वारा विशाल निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप आगामी 23 फरवरी 2025 ,दिन- रविवार,समय- सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किस्टल पैलेस लॉन बस स्टैण्ड कान्हीवाडा में आयोजित किया जाएगा। इस कैम्प में लाइफ लाइन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कामठी ,नागपुर के प्रसिध्द डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। जिनमें डॉ. तमीम फाजिल MBBS, MD (किटीकल केअर एण्ड कार्डियोलोजी स्पेशलिस्ट),डॉ. आसीफ खान MBBS, D (Orthopadic) (हड्डी रोग विशषज्ञ),डॉ. सिद्दीकी MBBS (सामान्य चिकित्सक),डॉ. अमेरा पी. फाजिल MBBS, DGO (स्त्री रोग विशेषज्ञ),डॉ. मुज़म्मील हसन MBBS, MD (बाल रोग विशेषज्ञ),डॉ. विकास प्रजापति MBBS (मेडिकल ऑफिसर कान्हीवाडा) (सामान्य चिकित्सक) शामिल हैं। इस कैंप में हृदय रोग संबंधित, नवजात शिशु बाल रोग बच्चों से संबंधित, नस नाड़ी संबंधित, प्रसुती स्त्री रोग संबंधित,कान, नाक, एवं गला संबंधित, जनरल सर्जरी, कैंसर रोग संबंधित,हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण रोग संबंधित,जनरल बुखार खांसी/ एलर्जी रोग संबंधित, पेट, आंत एवं लिवर रोग संबंधित, बेन और बेन की नसों से संबंधित, निःशुल्क ECG, Blood Sugar, BP संबंधित जांच की जाएंगी।इस कैंप में मरीजों के रजिस्ट्रेशन के लिए रिज़वान रहमान 8103316737, अशरफ खान 7746829130,कादिर खान 7415732357, शाहबाज़ कुरैशी 9340058096 से संपर्क किया जा सकता है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर सिवनी में धूम धाम से निकलेगी मठ सरकार की बारात

## 24 को हल्दी रस्म, 25 को मेहंदी, संगीत, विवाह की तैयारियां जोरों पर

**जिले के नगरीय क्षेत्र स्थित आद्य शंकराचार्य द्वारा पूजित सिद्धपीठ मठ मंदिर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर देवाधिदेव महादेव और मां पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

महादेव और मां पार्वती के विवाह की तैयारी पूरी हो चुकी है। विवाह के लिए कार्ड भी छप गए है और इन्हें सिवनी शहर के हर घर तक पहुंचाया जा रहा है। इस बात की जानकारी श्री मठ महाकाल समिति सिवनी ने दी है।
श्री मठ महाकाल समिति द्वारा बताया गया कि जिले में भगवान शिव और मां पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह बिलकुल ऐसे होता है जैसे आपके घर में विवाह समारोह आयोजन होता है।



बिलकुल वैसे ही विवाह की सभी रस्मे भी होती हैं, जैसे हल्दी, मेहंदी, संगीत सभी। भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह के कार्ड में सभी चीजें बिलकुल वैसी है जैसे कि जब अपने घरों में शादी विवाह के समय कार्ड में अंकित होता है। वर पक्ष, वधु पक्ष, रस्मों की तिथि अंकित की गयी है।
देवाधिदेव महादेव और मां पार्वती के विवाह में वर पक्ष (देवाधिदेव महादेव) के रूप में स्वयं महादेव का हृदय स्थल यानी मठ मंदिर समिति और वधु पक्ष की बात करें तो वधु पक्ष (जगतजननी माता पार्वती) के रूप में नगर पालिका परिषद है। विवाह के आयोजन में होने वाली रस्मों पर ध्यान दें तो भगवान शिव के विवाह समारोह में हल्दी की रस्म 24 फरवरी को रात्रि 8 बजे से शुरू होगी। इसके बाद 25 फरवरी को मेहंदी एवं संगीत की रस्म रात्रि 08 बजे शुरू होगी। 24 एवं 25 फरवरी की रात्रि 8.30 बजे भगवान भोलेनाथ की भव्य महाआरती होगी। समिति ने बताया कि देवों के देव महादेव का शुभविवाह 26 फरवरी को संपन्न होगा, जिसके लिए विवाह स्थल मठ मंदिर के बगल में ही खेत में बनाया जा रहा है। भगवान शिव की बारात मठ मंदिर से ही शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी। समिति ने बताया कि विवाह प्रतीकात्मक है, जिसमें स्वयं देवाधिदेव महादेव बनेगें दूल्हा एवं आप और हम बाराती के रूप में सम्मिलित होगें। साथ ही समस्त भूत-प्रेत एवं देवी-देवता की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। अतः आप सभी भगवान शिव की इस बारात में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# जेसीबी यूनियन के चुनाव प्रक्रिया संपन्न

## अध्यक्ष बने दीपू कनौजिया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृष्णा लॉन में लीगल एडवाइजर संदीप तिवारी के मार्गदर्शन में निर्वाचन अधिकारी राजा मुबीन खान एवं कैलाश अवधिया को नियुक्त किया गया निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में यूनियन के सदस्यों के द्वारा सर्व सहमति से जेसीबी यूनियन के अध्यक्ष पद पर दीपू कनौजिया को निर्वाचित किया गया,कार्यकारी अध्यक्ष बबलू सोमो ,उपाध्यक्ष के पद पर राजू सनोडिया बांधी,सेकेट्री कैलाश अवधिया,कोष अध्यक्ष संदीप ठाकुर,प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी वसीम रॉयल,प्रभारी महामंत्री हेमंत ठाकुर(नट्टू), सह-सचिव राजा चौकसे,सह-सचिव दुष्यंत बघेल,सह-सचिव अरविंद राय एवं कानीवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष साजिद पटेल,सिवनी ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सेनी,बरघाट ब्लॉक अध्यक्ष रवि चौधरी (बबलू),कुरई ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी डहरवाल, छपारा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चौहान,लखनादौन ब्लॉक अध्यक्ष राहुल जायसवाल को निर्वाचित किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपू कनौजिया ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए धन्यवाद दिया एवं निर्वाचन अधिकारी राजा मुबीन खान ने बताया जो ब्लॉक रह गये है उनके अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया जल्द की जाएगी एवं जिले में यूनियन का विस्तार कर के आगामी यूनियन की मीटिंग राखी जाएगी।

# श्री सिध्द पीठ माता राज राजेश्वरी के दरबार मे होगी श्री भोले नाथ जी परिवार स्थापना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सभी भक्तों को सूचित किया जाता है कि अत्यंत हर्ष का विषय है मंदिर प्रांगण त्रिपुर सुंदरीय श्री सिध्द पीठ माता राज राजेश्वरी के दरबार दुर्गा चौंक में शिवरात्रि 26/02/2025 दिन बुधवार श्री भोले नाथ जी परिवार स्थापना कार्यक्रम रखा गया है जिसकी रुपरेखा निम्न बिंदुओं पर आधारित है आप सभी सहपरिवार सादर आमंत्रित हैं। दिनांक- 23-02-2025 संध्या कालीन समय 6-9 बजे तक मंदिर प्रांगण दुर्गा चौंक से मठ मंदिर मूर्ति विश्राम हेतु शोभा यात्रा, दिनांक- 24-02-2025 प्रातः कालीन 9 बजे मठ मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा के साथ दुर्गा चौक माता जी के दरबार तक मण्डप प्रवेश व पंचाग पूजन मण्डल पूजन मूर्ति संस्कार संध्याकालीन जल शयन कार्यक्रम दिनांक- 25/02/2025 दिन- मंगलवार प्रातः कालीन 9 बजे से मण्डल पूजन मूर्ति पूजन व संध्या कालीन अग्नि शयन , 26-02-2025 प्रातः कालीन 9 बजे से पुष्प धिवास-मूर्तिसंस्कार- मंडल पूजन- औषधि पूजन- पंचामृत अभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समय (प्रदोष काल सिंह लग्न (स्थिर) लाभ चौघडिया) शाम 5 से 6-30 तत्पश्चात संध्याकालीन मूर्ति श्रंगार महाआरती व प्रसादी भोग सेवा विशेष- आप सभी समय का विशेष ध्यान रखते हुए सादर आमंत्रित हैं श्री माता राज राजेश्वरी मंदिर दुर्गा चौंक परमार्थ एवं धार्मिक न्यास सिवनी।

### धरना देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौपा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सिवनी में मोदी सरकार के कॉरपोरेट धन्ना सेठ पूंजी पतियों के पक्ष में इस वर्ष के प्रस्तुत बजट में अमीर वर्ग के पक्ष में दिल खोलकर रियायत दी गई परंतु देश के गरीब पीड़ित किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाओं के पक्ष में कुछ नहीं दिया गया बल्कि जनता को गुमराह करने के लिए केंद्रीय बजट देश की आम जनता के लिए बहुत अच्छा है कहकर ढिंढोरा पीटा गया जो आम जनता के आंखों में धूल झोंकने जैसा है जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। इसीलिए पूरे देश में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी फॉरवर्ड ब्लॉक रिवॉल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में पूरे देश में धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम जगह-जगह ज्ञापन सौपा गया है। इसी तारतम में भारती कम्युनिस्ट पार्टी ने सिवनी में 20 फरवरी को एक दिवसीय धरना देकर विरोध प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर सिवनी मध्य प्रदेश के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया है तथा कामरेड राजेंद्र जैसवाल डॉ बी सी ओके डीडी वासनिक ओमप्रकाश बोर्ड किरण प्रकाश पवन कुमार सनोदिया यीशु प्रकाश मंजू ककोडिया आदि ने केंद्रीय बजट की गरीब विरोधी विसंगतियां को विस्तार से बताते हुए संबोधित किया तथा अंत में कलेक्टर सिवनी के माध्यम से तीरथ प्रसाद दीपक करोसिया महेश सनोडिया नंद राम अक्षय करोसिया राजेश कुमार राम कुमार सनोदिया की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौपा गया ताकि आम जनता और गरीबों के पक्ष में बजट में प्रावधान किया जा सके।

# क्षत्रिय समाज ने छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कुर्मी समाज के जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सनोडिया ने बताया प्रगतिशील जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज ने बुधवार को छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई और समाज के जिला अध्यक्ष रमेश सनोडिया के नेतृत्व में मंगल भवन में कार्यक्रम रखा गया। जिसमे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये सामाजिक बंधुओं ने बैठक भाग लिया और कुर्मी समाज के वंशज छत्रपति शिवाजी महाराज के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प माला अर्पित की गई और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके अनुसरण कर हमें अपने समाज को एक सूत्र में रहना चाहिए शिवाजी महाराज कुशल प्रशासक



और वीर योद्धा थे उन्होंने मुगलों को परास्त कर मराठा साम्राज्य की स्थापना की और शिवाजी महाराज ने हिंदुत्व की रक्षा की वह कुर्मी वंश के वीर शासक थे आगे जिला अध्यक्ष ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ओजस्वी और ऊर्जावान शासक थे उनके जीवन की वीर गाथा आज भी हमें प्रेरणा देती है और कार्यक्रम में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने भी छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला और हम सबको उनकी गाथाओं को हमेशा याद करके अपने जीवन में प्रेरणा लेना चाहिए

# पेंच टाइगर रिजर्व मे सड़क पार करते दिखाई दिये तीन बाघ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को शुक्रवार को सफारी के दौरान तीन बाघ एक के बाद एक सड़क पार करते दिखाई दिए। पहले दो बाघ एक साथ आए और उनके पीछे तीसरा बाघ सड़क पार करता नजर आया। पर्यटकों ने इस रोमांचक पल को अपने कैमरे में कैद कर लिया। दा जंगल बुक के मुख्य किरदार मोगली की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध पेंच नेशनल पार्क देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इन दिनों बाजीराव नाम का बाघ और ब्लैक पैंथर विशेष रूप से पर्यटकों



को आकर्षित कर रहे हैं।ये जानवर भी यहां मौजूद पेंच टाइगर रिजर्व में विविध वन्यजीवों का घर है। यहां बाघ, ब्लैक पैंथर, तेंदुआ, भेड़िया और बाइसन पाए जाते हैं। साथ ही हिरण, बारहसिंगा, मोर, भालू, गौर और जंगली कुत्ते भी मौजूद हैं। कई प्रजातियों के पक्षी भी यहां देखे जा सकते हैं।वन्य प्राणियों की गणना होगी हाल ही में पेंच प्रबंधन ने राष्ट्रीय उद्यान में शाकाहारी और मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना के लिए निरीक्षण किया। इस अभियान में देशभर से 23 स्वयंसेवक भी शामिल हुए। तीन बाघों का एक साथ दिखना पेंच टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ती आबादी का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। यह घटना वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों की सफलता को भी दर्शाती है।

## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# संकट की घड़ी में मातृभाषा ही याद आती है

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ में 26 वें अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में सक्रिय हिस्सा लेकर भाषाओं के महत्व को समझा और मातृभाषा के प्रति जागरूक बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ सविता मसीह ने कहा कि बुंदेली सिवनी की मातृभाषा है। बताया कि प्रवासी साहित्यकारों ने हिंदी को विदेशों में जीवित रखा और आज भी लगातार मातृभाषा हिंदी में साहित्य की रचना कर रहें हैं। कहा कि अपनी मातृभाषा के लिए सम्मान होना चाहिए। मुख्य वक्ता



के रूप में प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने कहा कि मातृभाषा हमारी पहचान होती है और इसका हमारे जीवन में इतना महत्वपूर्ण स्थान होता है कि अकस्मात आए संकट की घड़ी में हम अपनी मातृभाषा में ही माँ और ईश्वर को याद करते हैं। याददाश्त खोने वाला व्यक्ति भी मातृभाषा में बात करता है. हम अपनी माँ से जो भाषा सीखते हैं, वह मातृभाषा होती है। कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मातृभाषा के अलावा कम से कम दो भाषाएँ सीखना चाहिए। अर्थशास्त्र विभाग की डा. रचना राय ने कहा कि व्यक्ति के जीवन से भाषा निकाल दी जाए तो व्यक्ति जीवित पुतला ही रह जाएगा। बताया कि मातृभाषा हमारी पहचान होती है. डॉ. रामकुमार नायक ने आग्रह किया कि ' शब्द संभाले बोलिए , शब्द के हाथ न पांव, शब्द करें औषधि, शब्द करें घाव'. बताया कि मातृभाषा हिंदी पर हमें गर्व करना चाहिए। मातृभाषा हिंदी की सेवा करनी चाहिए।

### नहीं ली गई शासन से खनन की अनुमति

## निलजी में भारी पैमाने पर हो रहा मुरुम का खनन और परिवहन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जिला प्रशासन के उदासीन रवैया के चलते मुरूम का काला कारोबार बेधड़क जारी है आखिर लालबर्रा क्षेत्र में किसके संरक्षण में मुरूम का काला कारोबार फल के साथ फूल रहा है जो बड़ा ही दिलचस्प विषय है अनेकों मर्तबा दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा अवैध खनन के संबंध में खबर का प्रकाशन किया और जिला कलेक्टर और खनिज विभाग, राजस्व विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया बावजूद इसके बालाघाट कलेक्टर और संबंधित विभाग द्वारा माफियाओं पर कोई बड़ी कार्रवाई अभी तक देखने में नहीं आई जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहीं माफियाओं को जिम्मेदारों का संरक्षण तो नहीं..? इसलिए तो संबंधित विभाग माफियाओं पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है मीडिया कवरेज के दौरान प्रतिदिन लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम निलजी,चंदपुरी सहित दर्जनों ग्रामों में शासन से बगैर परमिशन लिए मुरूम का खनन और परिवहन बेरोकटोक चल रहा है जिससे शासन को भारी हानी हो रही है। जिला प्रशासन को चाहिए कि व अवैध खनन पर अंकुश लगाए जिससे शासन को फायदा पहुंचेगा।

### निलजी में ठेकेदार और किसान की सांठ-गांठ, हो रहा अवैध उत्खनन

शुक्रवार को मीडिया कवरेज के दौरान ग्राम निलजी में किसान द्वारा बगैर शासन प्रशासन से अनुमति लिए लवादा पु ल और बाईपास बनाने वाली केपीसीएल कंपनी से सांठगांठ कर गैर कानूनी तरीके से मुरूम का खनन कर डंपरो से परिवहन किया जा रहा था, उक्त खनन की सूचना हरिभूमि प्रतिनिधि लालबर्रा द्वारा निलजी के हल्का पटवारी मुकेश पटले को दी गई और बताया गया कि 15 फरवरी से यह खनन हो रहा है, हो रहे अवैध मुरम के संबंध में पटवारी ने बताया कि मेरे द्वारा निलजी में हो रहे खनन के संबंध में तहसीलदार को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है मीडिया





प्रतिनिधि द्वारा निलजी में गैर कानूनी तरीके से हो रहे मुरूम के खनन के संबंध में तहसीलदार कन्हैयालाल तेंकाम से चर्चा की गई और अवैध खनन को रोकने की मांग की गई जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तहसीलदार लालबर्रा द्वारा खनन स्थल पर पटवारी और कोटवार को भेजकर हो रहे खनन को रुकवा दिया गया और कार्रवाई की रिपोर्ट तहसीलदार को प्रस्तुत की गई बावजूद इसके विश्वसनीय सूत्रों से खबर मिली है कि पटवारी और कोटवार के जाते ही किसान और खनन करने वाले केसीपीएल कंपनी द्वारा तहसीलदार के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए गुंडागर्दी से पुनः खनन शुरू करवाया गया. बताया जा रहा है कि रात भर खनन जारी रहेगा। खबर लिखे जाने तक खनन बदस्तूर जारी था।

### भूमि सुधार के नाम पर अवैध उत्खनन..?

ग्राम निलजी में तीन स्थानों पर भारी पैमाने पर मुरूम का खनन किया जा रहा है किसानों द्वारा भूमि सुधार के नाम पर शासन से बगैर अनुमति लिए मुरूम का काला कारोबार किया जा रहा है किसानों द्वारा केपीसीएल कंपनी को भारी तादाद में भूमि सुधार के नाम पर मुरूम बेची जा रही है और शासन को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और दंडाधिकारी तहसीलदार के आदेश की धज्जियां भी उड़ाई जा रही है अब देखना होगा की गुंडागर्दी से हो रहे अवैध मुरम के उत्खनन पर जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता।

### इनका कहना हैं

आपने बताया है मै देखता हूं और माईनिंग को भी बोल देता हूं।

**राजीव रंजन पांडे**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**(राजस्व ) वारासिवनी**

### कलेक्टर को दिया उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों ने की मुलाकात

## जनपद पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज कटंगी। बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी अध्यक्ष कविता अरविंद देशमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी ने अब जोर पकड़ लिया है. अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई की अनुशंसा की मांग करते हुए उपाध्यक्ष समेत कुल 20 जनपद सदस्यों ने शुक्रवार को बालाघाट पहुंचकर कलेक्टर मृणाल मीना से मुलाकात की और उन्हें मध्य प्रदेश पंचायत नियम 1994 के नियम 3 का उपनियम (1) के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव की सूचना देते हुए विधिवत कार्रवाई करने की मांग की है. जनपद पंचायत कटंगी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी जनपद सदस्यों को मिलाकर कुल 25 सदस्य है. जिनमें से 20 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विहित प्राधिकारी यानी कलेक्टर को आवेदन कर दिया है. अपने इस आवेदन में उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों ने यह आरोप लगाया है कि अध्यक्ष उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं करती है. जनपद पंचायत में अध्यक्ष के पति अरविंद देशमुख अवैध रूप से पंचायत के सम्मेलन में उपस्थित रहते हैं और जनपद सदस्यों पर दबाव बनाते हैं. इस संबंध में जनपद सदस्यों द्वारा मौखिक रूप से जनपद अध्यक्ष को जानकारी भी दी गई कि उनके पति द्वारा जनपद पंचायत में अवैध रूप से हस्तक्षेप किया जा रहा है जिसे रोका जाए. किंतु जनपद अध्यक्ष ने जनपद सदस्यों की मांग पर ध्यान नहीं दिया. जनपद सदस्यों का यह भी आरोप है कि जनपद अध्यक्ष के पति के हस्तक्षेप की वजह से कार्रवाईयां प्रभावित होती है और उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जनपद अध्यक्ष के पति की बोनकट्टा में देशमुख हार्डवेयर नाम की एक दुकान है. जिसमें हार्डवेयर, सीमेंट, लोहा, गिट्टी जैसी सामग्री बेची जाती है. अरविंद देशमुख उनकी दुकान से सामग्री खरीदने का दबाव बनाने की नीयत से जनपद सदस्यों के क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंचों को बोलने के लिए जनपद सदस्यों पर दबाव बनाते हैं. जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष की नीतियों पर भी सवाल उठाएं है. उन्होंने कहा कि उनकी नीतियां पारदर्शी नहीं होती. जनपद उपाध्यक्ष भानु सिंह पटले, सदस्य चमन डोंगरवार, ज्योति सूर्यवंशी, ओम सिंह परते, इंद्रकला ठाकरे, राजेश्वरी डहरवाल, छबीलता उइके, कांता नेवारे, रेखा परिहार, कांता परिहार, नेकेंद्र चौहान, सरमन राउत, राम प्रसाद भलावी, दुर्गाबाई गौतम, प्रमिला परिहार, राजकुमारी राउत, सुखचंद पटले, बबीता वरकडे, छबिलता वाहने, अजीत बिसेन ने कलेक्टर से मुलाकात कर अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई का आवेदन सौंपा है।

**इसलिए बनी स्थिति**

जनपद पंचायत कटंगी में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की नौबत क्यों आई इसके पीछे असल कहानी जनपद में उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों की उपेक्षा और विधायक का बढ़ता हस्तक्षेप है. भले ही आज उपाध्यक्ष या जनपद सदस्य इस बात को कहने से बच रहे है लेकिन अंदरूनी तौर पर सभी जनपद सदस्य जनपद में विधायक के अनावश्यक दखल से बहुत परेशान थे. कांग्रेस के समर्थन से जनपद अध्यक्ष बनी कविता देशमुख ने जब से भाजपा पार्टी ज्वाइन की तभी से जनपद पंचायत में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. वहीं उनके भाजपा में शामिल होने के बाद जनपद पंचायत में विधायक गौरव सिंह पारधी का अनावश्यक दखल बढ़ गया. विधायक जनपद पंचायत को अपने हिसाब से संचालित करना चाह रहे थे और जनपद अध्यक्ष केवल कठपुतली की तरह काम कर रही थी. यहीं वजह थी कि जनपद पंचायत में उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों को अधिकारी और कर्मचारी भी कोई खास तवज्जों नहीं देते थे. उपाध्यक्ष समेत जनपद सदस्य इसके लिए अध्यक्ष को जिम्मेदार मान रहे है. यहीं असल वजह है कि उपाध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्यों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की है।

बीते दिनों जब जनपद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की चर्चाओं को बाजार गर्म हुआ और विधायक को इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने अपने कार्यालय में दोनों ही पार्टियों के जनपद सदस्यों को बुलाकर एक बैठक करवाई. इसमें विधायक ने कहा कि वह अविश्वास प्रस्ताव लाने की जिद ना करें. बैठक में शामिल जनपद सदस्य बताते है कि विधायक ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर कोई अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात करेगा तो मैं उसके साथ खड़ा नहीं हुं. विधायक की यह बात सुनकर 02 जनपद सदस्यों को छोड़कर बाकि सभी ने बैठक को बीच में छोड़कर रवानगी ले ली थी।

### जनजातीय गौरव दिवस पर व्याख्यान माला एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस पर व्याख्यान माला एवं प्रदर्षनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माॅ सरस्वती, भगवान बिरसा मुण्डा एवं रानी दुर्गावती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके हुआ। कार्यक्रम में प्रथम वक्ता के रूप में श्री ढिल्लन सिंह ताराम एडवोकेट उच्च न्यायालय जबलपुर ने जनजातीय नायकों की जीवनी का अध्ययन करने एवं उस पर भविष्य में शोध करने के लिए प्रेरित किया। वहीं उपायुक्त सहकारिता विभाग श्री राजेश उइके ने जनजातीय नायकों द्वारा किये गए संघर्ष से प्रेरित होकर अपना भविष्य निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने बताया कि किस तरह जनजातीय नायकों ने स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस दौरान समस्त विद्यालय स्टॉफ व छात्र छात्राए उपस्थित रहें।

## सऊदी अरब में हुई आकस्मिक मृत्यु पर प्राप्त राशि कलेक्टर द्वारा वैध वारिस को प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शुक्रवार को नगर की नगमा खान बेवा इरफान खान को 13 लाख 42 हजार 489 रुपये का चैक प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि सऊदी अरब के रियाध में नगर के इरफान खान की गत दिनों आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। सऊदी अरब शासन द्वारा बालाघाट कलेक्टर के नाम राशि चैक के माध्यम से भेजी गई थी। वही राशि कलेक्टर श्री मीना ने नगमा खान को आज चैक के द्वारा दी गई।



### उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा फैटी लीवर की होगी जांच

## 21 मार्च तक संचालित होगा निरोगी काया अभियान

### आशा, एएनएम और फ्रंट लाईन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर की जाएगी स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आज व्यक्ति के जीवन शैली में खान-पान, रहन सहन को लेकर काफी बदलाव होने लगा है। जिसकी वजह से व्यक्ति के जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों उच्च रक्तचाप, मधुमेह, फैटी लीवर के मरीजों की संख्या में तेजी से बढोत्तरी होने लगी हैं। जिसके उपचार को देखते हुए शुरूआती स्थिति में ही इन्हें पहचान कर यथोचित उपचार के लिए प्रदेशव्यापी निरोगी काया अभियान की शुरूआत जिले में 20 फरवरी से प्रारंभ की गई है, जो कि 21 मार्च तक संचालित होगा। सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डेय ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष एवं महिलाओं को उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा नॉन एल्कोहलिक फैटी लीवर की पहचान एवं निःशुल्क उपचार सेवा के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर सप्ताह में 5 दिन विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मिशन संचालक एनएचएम मप्र से प्राप्त निर्देशानुसार मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप का एनसीडी पोर्टल पर इंनरोलमेंट और छूटे हुए व्यक्तियों का 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग और रीस्क्रीनिंग की जाएगी। जिले की समस्त आशा, एएनएम और अन्य फ्रंट लाईन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिये आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत ग्रामवार डेटा प्रदाय किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत ऐसे व्यक्ति जिनका पंजीयन एनसीडी पोर्टल पर नहीं है उन सभी का सी-बैक फार्म आशा द्वारा भरवाया जाकर स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही नवीन पंजीकृत मधुमेह, उच्च रक्तचाप, लीवर में फैट की स्थिति देखी जाएगी।





सीएमएचओं डॉ. पाण्डेय ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु के लोग जिनकी जांच नहीं हुई है। ऐसे सभी लोगों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। महिलाओं में 80 सेमी एवं पुरूष में 90 से.मी. से भी अधिक पाएए आयु वर्ग के लोगों की घर-घर जाकर जांच सुनिष्चित की जाएगी। डाटा की पुष्टि होने पर नजदीकी पीएचसी में चिकित्सक के पास जांच के लिए रेफर किया जाएगा। चिकित्सक द्वारा लाईन लिस्ट तैयार की जाकर फैटी लीवर की पहचान हेतु ब्लड इंवेस्टीगेशन, सोनोग्राफी के माध्यम से केस की पुष्टि होने पर यथोचित उपचार निःशुल्क दिया जाएगा। सीएचओ की मांग अनुसार स्क्रीनिंग हेतु डिजीटल बीपी मशीन, ब्लड शुगर जांच हेतु ग्लूकोमीटर, वनज करने की मशीन, टॉर्च तथा इंची टेप दिए जा रहे है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य कृषक समृद्धि योजना के तहत शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना के तहत मत्स्य व्यवसाय, समितियों मत्स्य पालक या किसानों को एक प्लेटफार्म पर लाने के प्रयास किये जा रहे है। इसके लिए गुरुवार को मत्स्य कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। जिला मत्स्य अधिकारी श्रीमती पूजा रोडगे ने बताया कि पीएम मत्स्य कृषक समृद्धि योजना में असंगठित क्षेत्र को भी इस पोर्टल पर लाया जा रहा है। ताकि इस पूरे क्षेत्र का सुव्यवस्थित किया जा सके। पोर्टल पर पंजीयन के बाद उन्हें एक व्यवस्थित प्रमाण पत्र दिया जाएगा। पीएम मत्स्य कृषक समृद्धि योजना में विभिन्न गतिविधियों में एक मुश्त प्रोत्साहन व लाभ देने के लिए नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीयन किया गया। शिविर में 60 महिलाएं और 180 पुरुष मत्स्य कुल 240 किसानों का पंजीयन किया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागीय योजनाओं की स्वीकृति के लिए 130 आवेदन प्राप्त किये गए।

## वकीलों के विरोध पर बालाघाट में न्यायालयीन काम बंद

***एडवोकेट अमेंडमेंट बिल पर बार एसोसिएशन का आरोप-सरकार न्याय व्यवस्था में कर रही दखल***

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में वकीलों ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट एक्ट बिल 2025 का विरोध किया है। जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर 21 फरवरी को वकीलों ने न्यायालयीन काम का बहिष्कार किया।



जिला अधिवक्ता संघ की बैठक में वकीलों ने कहा कि यह बिल उन्हें कमजोर करेगा और उनके कार्यक्षेत्र को सीमित करेगा। वकीलों ने इस बिल को वापस लेने की मांग की है।

विरोध प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के सचिव मधु बिसेन, उपाध्यक्ष मीना कुर्वे, सहसचिव संगीता नागेश्वर, ग्रंथपाल धनंजय देशमुख, कोषाध्यक्ष संजय अग्निहोत्री समेत कई अधिवक्ता शामिल हुए।

## संसद उड़ाने की धमकी केस में पूर्व विधायक दोषी करार

***स्पीकर को भेजा था पार्सल, दिल्ली की कोर्ट सुनाएगी सजा; 7 साल कैद का प्रावधान***

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश में बालाघाट की लांजी सीट से पूर्व विधायक किशोर समरीते को संसद उड़ाने की धमकी देने के मामले में दोषी करार दिया गया है। मामले की सुनवाई दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में हुई। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने IPC की धारा 506 के तहत दोषी पाया है। इसमें अधिकतम 7 साल की सजा का प्रावधान है। अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी।

कोर्ट ने कहा कि राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल के कार्यालय को कथित तौर पर भेजे गए पार्सल में मिले पदार्थ की जांच की गई। इसमें पता चला कि "विस्फोट करने की उनकी क्षमता के मामले में यह हानिरहित है।"



18 फरवरी के फैसले में कहा गया, "हालांकि विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 (ए) (विस्फोटक पदार्थ के माध्यम से जीवन को खतरे में डालना) और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी(1) (बी) (विस्फोटक पदार्थ का निर्माण, आयात या निर्यात) के तहत आरोप साबित नहीं हुए, फिर भी यह तय हो गया कि आरोपी ने पत्र भेजा था, जिसमें धमकी दी गई थी कि अगर मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वह संसद को उड़ा देगा।"।

समरीते ने 16 सितंबर 2022 में राज्यसभा के महासचिव कार्यालय को पत्र भेजा था। इसमें धमकी दी थी कि अगर उनकी 70 मांगें नहीं मानी गईं, तो 30 सितंबर को संसद भवन को उड़ा देंगे। पूर्व विधायक किशोर समरीते ने क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं निकलने पर स्पीकर को पत्र लिखकर धमकी दी थी।

पूर्व विधायक समरीते ने एक पैकेट भेजा था, जिसमें धमकी भरा पत्र, कुछ झंडे, संविधान की एक प्रति और कुछ जिलेटिन की छड़ें थीं। इसके बाद संसद मार्ग पुलिस थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### जाम मांइस के पास मुख्य सड़क मार्ग में हुआ हादसा

## ट्रैक्टर पलटने से 22 वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र में जाम-जराहमोहगांव मुख्य सड़क मार्ग पर ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसा गुरूवार की शाम करीब साढ़े 07 बजे के आस-पास हुआ है. शुक्रवार की सुबह साढ़े 10 बजे पुलिस ने युवक के शव का पीएम करवाकर शव परिजनों के सुर्पुद कर दिया है. वहीं मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सड़क हादसे में अर्जुनी निवासी सालिकराम राहंगडाले के करीब 22 वर्षीय एकलौते पुत्र ओम राहंगडाले की मौत हो गई. पुलिस के अनुसार युवक अपने घर का ट्रेक्टर लेकर मुर्गी की खाद लेने के लिए गया हुआ था जो गुरूवार की शाम करीब साढ़े 07 बजे अपने घर अर्जुनी की तरफ लौट रहा था. इस दौरान जाम माइंस के पास ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत हो गई. ट्रैक्टर किन कारणों की वजह से अनियंत्रित हुआ था यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा. राहंगडाले परिवार के इकलौते पुत्र की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

### 133 केंद्रों में से 69 को मिली सामग्री, तीन संवेदनशील केंद्रों में लगेंगे जैमर

## बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 25 फरवरी से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियां जोरों पर हैं। शुक्रवार से गोपनीय सामग्री का वितरण शुरू हो गया है। उत्कृष्ट विद्यालय में तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार और जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय की मौजूदगी में वितरण किया गया। जिले के कुल 133 परीक्षा केंद्रों में से 69 केंद्रों को गोपनीय, अगोपनीय सामग्री और उत्तरपुस्तिकाएं दी गईं।



जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार, बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, लांजी, कटंगी और बालाघाट के दूरस्थ क्षेत्रों के केंद्रों को सामग्री वितरित की गई। केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष ने सामग्री को सीलबंद पेटी में रखा। दो पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में बसों से इन्हें संबंधित थानों में जमा कराया जाएगा।

शनिवार को बालाघाट, वारासिवनी, खैरलांजी, लालबर्रा और किरनापुर के 64 परीक्षा केंद्रों को सामग्री दी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के तीन केंद्रों - एमजीएम स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय और एमएलबी स्कूल बालाघाट को संवेदनशील घोषित किया है। इन केंद्रों में जैमर लगाए जाएंगे और अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे।

कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर प्रशासनिक और शिक्षा विभाग का उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। इसमें एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, संयुक्त संचालक, डीपीआई, सहायक संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

### लोक निर्माण विभाग के 19 उपयंत्रियों ने देखी जिले की निर्माण संरचनाएं

**बालाघाट।** लोक निर्माण विभाग के 19 उपयंत्रियों का 5 दिवसीय भ्रमण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएस अडमे ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 उपयंत्रियों के दलों को जिले के सीएम राइज स्कूल निर्माण कार्य, सड़कें, रेलवे ओव्हर ब्रिज तथा नक्सल क्षेत्रो में हो रहें निर्माण कार्यो का अवलोकन कराया गया। सभी उपयंत्री आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी से 17 से 21 फरवरी तक के लिए विजिट के लिए आये थे। इनका नरोन्हा अकादमी में कार्यशैली प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 जनवरी से 7 मार्च की अवधि में आयोजित किया जा रहा है।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी किरनापुर का पुनर्गठन कल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च सामाजिक धार्मिक संस्था के ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र डा.भीमराव य.आंबेडकर साहेब मुंबई के निर्देशानुसार पूरे भारत देश में धम्म संस्था के माध्यम से बौद्ध धम्म का कारवा निरंतर गतिमान किया जा रहा है। उसी परीपेक्ष में मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की किरनापुर तहसील शाखा का कार्यकाल समाप्ति पश्चात पुनर्गठन(निर्वाचन)किरनापुर मुख्यालय में दिनांक 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को परिवर्तन स्कूल सोनपुरी में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. चरनदास ढेंगरे जी होगें। वही अध्यक्षता एस.एल.रंगारे जी जिलाध्यक्ष करेगें। प्रमुख अतिथियों में आर.के.कठाने प्रदेश सचिव म.प्र.,राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव, हेमलता डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष, देवानंद रंगारे-



खुशीयाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष, अशोक मेश्राम जिला सचिव, बी.एल.घल्लेकर, जिला संघठक, वारासिवनी से तहसील अध्यक्ष आर.डी.बंसोड, महासचिव अभिराज मेश्राम, उपाध्यक्ष्ज्ञ धमेन्द्र घोडेसवार ,धनराज रामटेके जिला संगठक की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न होगा। यह पुनर्गठन संस्था के संविधान अनुसार मनोनित पद्धति से सम्पन्न होगा। आयोजन के आयोजक दुरेन्द्र सावनकर, तहसील अध्यक्ष एवं पूरी तहसील शाखा हैं। क्षेत्र में धम्म कार्य को बाबासाहेब के परिसंकल्पना के अनुसार नियमित गतिमान करने हेतु संस्था के सदस्य भी बनकर प्रक्रिया भाग लेने हेतु उपस्थिति की अपील की गई है।